दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 84 मुरादाबाद, 13 July 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## बारिश, बाढ़ और भूस्खलन... दिल्ली से हिमाचल तक जलप्रलय; उत्तराखंड में भी बरस रही आफत



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 13 जुलाई तक पूर्वोत्तर भारत और सिक्किम में अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही आईएमडी ने यूपी बिहार मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। इधर बाढ़ के बाद कुछ पर्यटक हिमाचल प्रदेश में फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है।देश भर में बारिश का दौर शुरू हो चुका है। खासकर उत्तर भारतीय राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। वहीं, पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इसी बीच मौसम विभाग ने बारिश को लेकर नई जानकारी दी है।उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति

जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हरिद्वार समेत गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की अधिकांश नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को छू गया है। बांधों और जलाशयों में पानी खतरे के निशान के करीब है।

### हिमाचल में बारिश से काफी नुकसान

हिमाचल में बारिश के बाद काफी नुकसान हुआ है। हिमाचल के कई जिलों में बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है और कई जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। हिमाचल प्रदेश के सीएम जगत सिंह नेगी ने कहा कि बारिश की वजह से नेशनल हाईवे को नुकसान पहुंचा है और पानी व बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।आईएमडी ने 13 जुलाई तक पूर्वोत्तर भारत और सिक्किम में अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी की।आईएमडी ने यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ पर्यटक फंसे हुए हैं। दिल्ली में 15-16 जुलाई के बाद तेज बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में यमुना नदी बुधवार को 207 मीटर के निशान को पार करते हुए 10 वर्षों में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। उत्तराखंड के हरिद्वार, गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की अधिकांश नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को छू गया है। रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग वाहन यातायात के लिए बंद कर दिया गया। हिमाचल में बाढ़ से अभी तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश में 470 पालतू पशुओं की मौत हुई है। हिमाचल में बारिश से 100 मकानें पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। पहाड़ से पत्थर गिरने की वजह से ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाइवे पर लंबा जाम लग गया है। उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश के कारण चमोली में पहाड़ी ढह गई। यमुना में बढ़े जलस्तर को लेकर सीएम केजरीवाल ने गृह मंत्री शाह को पत्र लिखा है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चंद्रताल झील का हवाई निरीक्षण किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने बाढ़ राहत कैंप का दौरा किया।

### करनाल में एक और तटबंध टूटा

हरियाणा के करनाल जिले में यमुना नदी से सटे क्षेत्रों में तबाही का आलम है। यहां गढ़पुर टापू के पास टूटे बांध की मरम्मत लगातार तीसरे दिन जारी है, तो देर रात क्षेत्र के समसपुर गांव के पास एक और तटबंध टूटने से चिंता बढ़ गई है। अब करीब 30 गांव खतरे की जद में हैं। राहत सामग्री पहुंचाने में तीन नाव का प्रयोग किया जा रहा है।

### बिहार के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने बताया कि बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य में अगले चार दिनों तक मानसून प्रभावी रहेगा। इसके परिणामस्वरूप कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, अररिया, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार व मधेपुरा जिले में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### यूपी में बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तीन दिन तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। यूपी में पिछले 24 घंटे में कई जनपदों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। इन जनपदों में मेरठ, एटा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत, फिरोजाबाद, बिजनौर, बदायूं, औरैया, इटावा, रामपुर, बरेली, आगरा, बाराबंकी, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, कासगंज, लखनऊ, संभल और अलीगढ़ शामिल हैं। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है।

## मुख्यमंत्री योगी बोले, यूपी में वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की संकल्पना को कर रहे साकार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मऊ और शामली में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए एमओयू हो गया है। प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के पहले प्रदेश में मात्र 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। आज यूपी में 45 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं। 16 अन्य में निर्माण चल रहा है। 14 सरकारी और दो प्राइवेट। आज दो नए मेडिकल कॉलेज के लिए एमओयू हुआ है उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की संकल्पना को साकार करने की ओर बढ़ रहे हैं। यह न सिर्फ मेडिकल शिक्षा बल्कि स्वास्थ्य सुविधा गुणवत्तापूर्ण करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे मिशन निरामया के तहत क्यूसीआई की ओर से नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों की रेटिंग व मऊ व शामली में निजी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए अनुबंध कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मऊ और शामली में मेडिकल कॉलेज एक सपना था, जो अब साकार हो रहा है। यह वे जिले हैं, जहां पहले लोग जाने में डरते थे। मऊ माफिया के लिए जाना जाता था, शामली का भी यही हाल था। अब यहां क्वालिटी स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ क्वालिटी इलाज भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मिशन निरामया जो गत वर्ष शुरू किया गया था। आज देश का ब्रांड बना हुआ है। नर्सिंग और पैरामेडिकल बैक बोन होता है। मेडिकल शिक्षा की चर्चा तो की गई लेकिन नर्सिंग व पैरामेडिकल को भूल गए। कई जगह पर कॉलेज बिना इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकेल्टी के काम कर रहे थे। हमने इसे बेहतर करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी चिकित्सा संस्थान यदि मानक पूरा करता है तो उसे संबद्धता और सुविधा दी जाए लेकिन अगर वे मानक, इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकेल्टी, लैब, लाइब्रेरी की सुविधा नहीं पूरा करते हैं तो ऐसे संस्थानों को बाहर कर दिया जाएगा। हम प्रदेश के किसी युवा के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मेडिकल के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी संस्थान देंगे।

## ज्योति मौर्य प्रकरण: होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे पर गिरी गाज, किया गया निलंबित



पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या प्रकरण में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे पर प्रशासन की गाज गिरी है। उसे निलंबित कर दिया गया है। देशभर में चर्चित हुए पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य और होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे प्रकरण में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में होमगार्ड बीके मौर्या ने अपनी संस्तुतियों के साथ रिपोर्ट मंगलवार शाम को भेज दी थी। जांच रिपोर्ट में डीजी होमगार्ड ने कमांडेंट मनीष को निलंबित करने के साथ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की सिफारिश की थी। जांच में सामने आया है कि मनीष दुबे ने अपने कृत्यों से विभाग की छवि भी धूमिल करने के साथ संपर्क में आईं महिलाओं का शोषण किया। वर्ष 2021 में मनीष ने लखनऊ की एक युवती से अलीगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। कुछ दिन बाद ही वह उसे 80 लाख रुपये दहेज में लाने के लिए प्रताड़ित करने लगा था। मनीष की पत्नी ने डीआईजी को दिए अपने बयान में इसकी पुष्टि की है। वहीं, अमरोहा में तैनाती के दौरान मनीष पर एक महिला होमगार्ड के यौन शोषण का आरोप है। डीआईजी के सामने महिला होमगार्ड ने इसकी पुष्टि करते हुए बयान दिया कि उसके विरोध पर मनीष ने उसे नौकरी से निकलवा दिया था। बाद में डीजी होमगार्ड से शिकायत पर वह बहाल हुई थी।

### आलोक से तलाक लेने की बात कही थी...

इस प्रकरण की जांच कर रहे डीआईजी संतोष कुमार को ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्या ने कुछ कॉल रिकॉर्डिंग दी थी। इनमें से एक रिकॉर्डिंग में ज्योति और मनीष आपस में आलोक को रास्ते से हटाने, ठिकाने लगाने, कहानी खत्म करने... जैसे शब्द बोलते पाए गए हैं।

जब मनीष से इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने कहा कि वे आलोक से तलाक लेने की बात कह रहे थे। हालांकि डीआईजी ने इस बातचीत को बेहद गंभीर प्रकरण मानते हुए पुलिस से जांच कराने की संस्तुति की है। इसका मुकदमा दर्ज होने पर ज्योति और मनीष के मोबाइल फोन, सीडीआर इत्यादि की गहनता से पड़ताल की जाएगी।

### जांच के लिए ज्योति मौर्य ने भेजा था जवाब

वहीं, जांच के दौरान पीसीएस ज्योति मौर्य ने खुद पेश होने के बजाय अपना बयान लिखकर भेजा था। उन्होंने अपने बयान में खुद को निर्दोष करार दिया है। उन्होंने लिखा कि उनका अपने पति से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है और वह अदालत के समक्ष अपनी बात रखेंगी।

### ये था पूरा मामला

प्रयागराज के रहने वाले सफाईकर्मी पति आलोक मौर्य से रिश्तों में खटास के बाद पीसीएस अफसर ज्योति मौर्य चर्चा में बनी हैं। आलोक ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी ज्योति मौर्य का होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर है। पीसीएस ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य प्रयागराज के निवासी हैं और पंचायतीराज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। शादी के बाद ज्योति मौर्य का पीसीएस में चयन हुआ था। उनके पति ने अपनी शिकायत में कमांडेंट मनीष दुबे पर तमाम गंभीर आरोप लगाए।

## मुख्तार अंसारी की दिल्ली, पंजाब में 200 करोड़ की संपत्तियां होंगी कुर्क; करीबी ने आयकर विभाग के सामने उगले राज



गाजीपुर- बांदा जेल में माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। आयकर विभाग की पूछताछ में उसके करीबी गणेशदत्त मिश्रा ने कई राज उगले हैं। जनपद और प्रदेश ही नहीं, अन्य प्रांतों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों का पता चला है। बांदा जेल में माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। आयकर विभाग की पूछताछ में उसके करीबी गणेशदत्त मिश्रा ने कई राज उगले हैं। जनपद और प्रदेश ही नहीं अन्य प्रांतों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों का पता चला है। पैंथर卐 नामक आपरेशन का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार उप्र के अलावा पंजाब, दिल्ली में भी मुख्तार की करीब 50 बेनामी संपत्तियों में से ज्यादातर गणेशदत्त मिश्रा के नाम से हैं, लेकिन पैसा मुख्तार का लगा है। जांच में इन संपत्तियों के लेन-देन में भी फर्जीवाड़ा पाया गया है।अब तक इनके बारे में पुलिस को पता नहीं था। यह सभी बेनामी संपत्तियां मुख्तार ने अपने गिरोह के किसी न किसी सदस्य के नाम ले रखी हैं।

### गाजीपुर में 20 करोड़ की संपत्ति कुर्क

बीते 20 जून को शहर कोतवाली पुलिस गणेशदत्त मिश्रा को गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई और आयकर विभाग को सौंप दिया था। मुख्तार अंसारी के रियल एस्टेट का कारोबार गणेशदत्त मिश्रा ही देखता था। जिले में अब तक उसकी 20 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। मुख्तार पर विभिन्न राज्यों में 61 आपराधिक मामले हैं, जिनमें से छह में दोषी ठहराया जा चुका है। छह दिसंबर 2020 को गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस फोर्स ने गणेश के चार मंजिला भवन को ध्वस्त कर दिया था। 12 अक्टूबर 2022 रजदेपुर देहाती में तीन व कपूरपुर मौजा में एक संपत्ति को कुर्क किया था, जिसकी कीमत 14.20 करोड़ रुपये थी। 11 मई को लखनऊ से पहुंची इनकम टैक्स की टीम ने कपूरपुर में गणेशदत्त की दो संपत्ति को कुर्क किया था। इसी मामले में इनकम टैक्स टीम ने गणेशदत्त को कई बार नोटिस जारी किया था। इस बेनामी संपत्ति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया, उसका भी गणेशदत्त ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद गैर जमानती वारंट जारी होने पर शहर कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

## संपादकीय Editorial

### Havoc of corruption

The situation of heavy, torrential rains and floods is not just a disaster, but a result of rampant corruption. In this Harappa, Mohanjodaro civilization has been taught. Even in that era of civilization, the drainage system was better. Today we are living in the era of modernity, technological development and scientific experiments, but are incompetent, helpless, helpless in front of the monsoon rains. What is the root cause of this? Taking the example of the capital Delhi itself, the target of cleaning all the drains should have been achieved by June 28, but by June 30 only about 68 per cent work was done. When it rained heavily, the kalai opened because most of the drains were blocked. As a result, we have presented a glimpse of the plight of Delhi in yesterday's editorial. Now see its corrupt dimension too. In fact, every year 1500 crore rupees are spent in Delhi on rain preparations, drainage, sewers, cleaning of drains etc. Thousands of pumps are bought for smooth evacuation of water. If this budget is spent honestly, then why does a metropolis like the capital Delhi start drowning in water? Why does everything seem to stand still? Similarly, in a cyber and modern city like Gurugram, there is a provision of about 150 crore rupees for the preparation of rains, but why does this city turn into a plight and a dirty river during the rainy season? Gurugram becomes a pond of debris, through which the movement of vehicles is as if coming out of a 'Chakravyuh'! Really pathetic and insulting.

Where does that money even go? It is a strange paradox that flats of elite societies in Gurugram are sold for Rs 5-8-10 crores. The offices of the world's biggest companies are here, but only water and debris are visible on the main roads. Why this inefficiency and neglect? After all, who will decide whose responsibility? This can be a condemnable and shameful situation globally. In fact, the British era systems are present in the capital Delhi and its surrounding cities, so they are not effective and have become dilapidated. The model of 1976 is applicable in Delhi, when its population was around 60 lakhs. That is more than 2.5 crores today. Then why Delhi will not become 'Darya'? The problem is also of illegal and irregular colonies. These residential colonies do not have adequate arrangements for roads, drains, sewers, etc. As a result, water stagnates there during the rainy season. This affects other areas of the city as well. Another fundamental condition is that natural drainage has been consistently neglected in urban planning. Apart from this, sewer overflow is also a serious problem. In many places, there is a disparity between sewer and sewage disposal sites. In the capital Delhi, near ITO Chowk, sewage water and rain water mix and submerge the Police Headquarters to the Ring Road. This is the condition of the country's capital. A very serious problem is that of the garbage and debris coming out from the construction work, repairs, demolition etc. of the houses. These continuously block the flow of water and during the rainy season this debris spreads on the roads. Corruption is at the heart of all these situations. Leaving aside the mountains, the states of Delhi, Haryana, Punjab, Rajasthan, a part of Uttar Pradesh and Bihar etc. are still on 'alert'. About 100 deaths have taken place so far due to the rains and floods. This is not a common figure. After all, the citizen of the country is dying. Why has this situation come about? After two months there is a summit of G-20 countries in Delhi. In that, the heads of state of 20 big countries of the world have to come to Delhi. If something untoward happened, what would India say?

# Cultivation of Opium: Curse of addiction as well as boon of nature

India is one of the few countries that is allowed to cultivate the opium poppy for export internationally. But its other side is also very harmful. The young generation is also being ruined by the misuse of life saving drugs like morphine, codeine and heroin made from it. Opium is nature's miracle and India's gift to the world because of its unique therapeutic properties and is indispensable in the medical world. Opium is an antidepressant, which relieves severe pain by slowing down the communication between your brain and body. It is derived from the poppy (Papaver somniferum L.). The source of opium, the poppy, is believed to be one of the earliest plants recorded for medicinal use. Along with allopathy, it is also used as a life saver in homeopathy and Ayurveda or Unani systems of indigenous medicines. India is one of the few countries that is allowed to cultivate the opium poppy for export internationally. But its other side is also very harmful. The young generation is also being ruined by the misuse of life saving drugs like morphine, codeine and heroin made from it. Poppy seeds, which come from the poppy seed, are one of the most important ingredients in the Indian kitchen and are seen as an important part of food not only in India but all over the world. Opium is more than a drug, it is a life-saving drug - opium may be dangerous for addicts, but it is also a source of life-saving and unbearable pain-relieving drugs in serious diseases like cancer. It contains alkaloids like morphine, narcotine, codeine, apomorphine, opionion, papaverine etc. and lactic acid, resin, glucose, fat and light yellow odorless oil. The most powerful pain relievers made from opium are opioids. It is considered very effective in pain. Brand names of opioids are Oxycontin (oxycodone) Vicodin, Norco and Lortab (hydrocodone with acetaminophen) Percocet (oxycodone with acetaminophen). Opioids are often used after surgical procedures as a pre-operative tranquilizer and to reduce post-operative pain and make patients comfortable. Opiate-derived drugs are often used in patients to control pain associated with chemotherapy, radiation therapy, or other cancer treatments. These drugs are used to reduce pain in chronic incurable diseases. It is sometimes used as an antitussive to suppress cough. Here, loperamide can also be used to treat diarrhea by slowing down bowel movements. But it is important to note that these should be used as per the prescribed dose and duration and only under medical supervision due to the potential for addiction, side effects and other risks. After the Mughals, the British also earned from opium. During the Mughal Empire, opium was grown on a large scale and was an important item of trade with China and other eastern countries. During the late 16th century, opium was brought under a state monopoly. However, during the final years of the Mughal Empire the state lost its hold and control over the production and sale of opium was appropriated by a clique of merchants in Patna. After the Battle of Plassey in 1757, the monopoly of opium cultivation went into the hands of the East India Company. In 1873, the then Governor General Lord Warren Hastings took the entire opium trade under government control. In addition to medicinal and scientific purposes, keeping in view the concerns of the world community about the extremely dangerous side effects of opium, the process of limiting the cultivation of opium had started in India during the British period. In 1909, the Government of India had also signed the international treaty to curb the cultivation of opium. During the British period itself, in 1910, there was a complete ban on the cultivation of opium in Bihar. The process of phasing out opium cultivation had begun in Uttar Pradesh as well. After India gained independence in 1947, control over the cultivation and manufacture of opium became the responsibility of the central government from April 1, 1950. On the basis of the Opium and Revenue Laws (Extension of Application) Act 1950, the Central Government made three Acts, the Opium Act 1857, the Opium Act 1878 and the Dangerous Drugs Act 1930, which became equally applicable to all the states of the Indian Union. Over the years there were some changes in the methods of control, production, distribution, sale and possession of opium and the monopoly remained entirely in the hands of the Government of India. Opium production was exempted in tribal areas – British laws were always lax in tribal areas. While the tribes were allowed to make liquor for their own consumption, opium production was also relaxed. For example, in the tribal Jaunsar Bawar region of Uttarakhand, opium has been cultivated since ancient times for spices etc. Prior to the implementation of the Constitution of India, the Opium Act 1857 and the Noxious Drugs Act, 1930 were not applicable in Jaunsar Bawar Pargana being a Scheduled Area. After the enactment of the Opium and Revenue Laws (Extension of Application) Act, 1950 in 1950, the Opium Act, 1857 and the Noxious Drugs Act, 1930 also came into force in this area from 18th April, 1950. Since licensing was done on 30th September, 1962 On the cultivation of opium from 1st October 1962 till the expiry of the period A complete ban was imposed and it was widely publicized, yet the central government received information about illegal cultivation of opium. In the year 1961-62, licenses were given for only 17 hectares but actually 25 hectares were reported to be under opium cultivation. Thus from October 1, 1963, there was a complete ban on the cultivation of opium in Jaunsar Bawar pargana. Now there is a demand for the cultivation of opium under the control of the government in this area. Cultivation of opium under government supervision - Government of India every year announces licensing policy for cultivation of opium poppy, inter alia, minimum qualifying yield for issue or renewal of license, maximum area that can be cultivated by an individual farmer can be done. Maximum profit that can be allowed to a farmer for loss due to natural causes etc. Cultivation of opium poppy can be done only in those areas which are notified by the government. At present these areas are confined to three states, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh. Mandsaur district of Madhya Pradesh and Chittorgarh and Jhalawar districts of Rajasthan account for about 80 per cent of the total opium growing area. Opium factories run under the control of the government - under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act 1985 and the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Rules, 1985, at present the Narcotics Commissioner with subordinates exercises all powers relating to the cultivation of opium poppy and superintendence of production of opium does and does all the work. There are two government opium and alkaloid factories in India, but in the year 1976, the Organization of Controller of Major Factories was established for better control and management. These factories are at Neemuch in Madhya Pradesh and Ghazipur in Uttar Pradesh.

## Solution: Environment planning is important along with cities drowning in monsoon

Just as urban planning is important, similarly environmental planning is also important. It is high time that the governments and planning agencies focus on these, so that the people of the country stay safe in the monsoon and we have the infrastructure in place to face the environmental changes. Every summer, most of the Indians face the heat. They do and they get relief only from the monsoon. Farmers who depend on the monsoon for their crops take extra care to ensure that their crops benefit from the rains. Along with this, there are many people who are afraid of the wrath of nature, because the fierce rains create havoc. And it is not just a story of urban areas anymore, but the whole of India is facing the wrath of severe monsoon these days. Submerging of big to small cities and people getting affected by it has become a common thing now. Torrential rains and floods have badly affected seven states and union territories in northern India, including Himachal Pradesh, Uttarakhand, Punjab, Haryana, Rajasthan, Jammu and Kashmir and Delhi. It is the beginning of July and already many parts of the country are facing heavy rains. Ironically, it was predicted only a few months ago that we would face an El Nino effect, which basically suppresses the monsoon, reducing the total rainfall during monsoon days. But the rains in recent weeks have brought many cities to a standstill and schools have been closed in many places. Various offices have been advised to consider getting their employees to work from home. The loss due to the flood-like situation is estimated to run into several thousand crores and there is no figure for the benefits. There are a number of factors that are causing the extreme and sometimes unpredictable rainfall, including the effects of climate change and the rising temperature of the Earth's surface. But the real culprits for the heavy losses are poor infrastructure and unplanned construction taking into account future weather conditions, especially heavy rains. Cultivable land and dried up old water bodies like lakes and wetlands are being used to build structures made of concrete, which is not suitable for absorbing water. Generally, lakes and ponds serve to retain excess surface water and are a major component of natural moisture during heavy rains and floods. Similarly, massive construction in hilly areas and forced diversion of flow of natural water bodies is causing damage to the environment. Forest land helps in retaining the soil and recharging the ground water. The loss of natural flow of rivers due to deforestation in the name of development and making roads is a matter of concern. Every year one or the other hilly area has been bearing the brunt of rains and floods. Often villages are submerged in these areas and lives and livelihoods are badly affected. Even small unprecedented rains of a day or two submerge cities and towns for a long period of time. For example, in newly developed townships in the national capital of Delhi or the National Capital Region of Noida and Gurgaon, it is common for roads to remain waterlogged like rivers for several hours, bringing traffic and life to a standstill. These cities were built after proper planning, yet they have to face the fury of nature, because monsoon, flow of water and ground water recharge were not taken care of in the planning. In fact, in the construction of these towns and cities, so much concrete jungle has been laid that there is no room left for water absorption. The planners of these cities have not paid attention to rain water harvesting and water conservation, which leads to wastage of water as well as havoc when it rains. The blame for this is entirely on the municipalities and state governments, which indulge in construction activities without proper planning for contingencies and protection of natural resources, and without considering the impact of large-scale urbanisation. Master plans of cities and municipalities focus on capacity building without studying the impact of population growth and limited resources to manage it. They build flyovers and roads to make traffic easier and faster, but do not have adequate drains for drainage and measures to store excess water in the monsoon. In places where such facilities have been built, due to lack of maintenance, pipes are found jammed (blocked) on the very days when they are actually needed. The objective of urban planning is to make the city functional by creating a network of mobility, water supply, electricity, sanitation and drainage by demarcating city maps and areas. Sometimes the focus on creating an efficient city neglects the conservation of its natural resources.

# आधी रात झाड़ियों में रोती मिली बच्ची, पैरेंट्स की तलाश में जुटी पुलिस




मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में डीपीएस स्कूल के पास झाड़ियों में एक साल की मासूम बच्ची मिली। रास्ते से गुजर रहे एक फैक्ट्री के चौकीदार ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने बच्ची को झाड़ियों से निकालकर थाने ले आई। पुलिस बच्ची के मां बाप को तलाशने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक या तो बच्ची के मां बाप ने खुद बच्ची को झाड़ियों में छोड़ा है या फिर किसी ने बदला लेने की नियत से बच्ची को अगवा कर झाड़ियों में लाकर फेंक दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आसपास के ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। बच्ची को थाने में महिला पुलिसकर्मी संभाल रही है। मझोला थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को रात करीब 12 बजे पुलिस को किसी ने फोन पर सूचना दी थी

कि डीपीएस स्कूल के सामने झांड़ियों में एक बच्ची के रोने की आवाज आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को यहां एक मासूम बच्ची झांड़ियों में पड़ी नजर आई। रात के अंधेरे में वो अकेले झाड़ियों में पड़ी थी। पुलिस ने तुरंत बच्ची को वहां से उठाया और थाने ले आई। इंस्पेक्टर ने बताया कि बच्ची के परिजनों की तलाश की जा रही है। इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। बच्ची के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए हैं। ताकि उसके परिजनों के बारे में जानकारी हो सके।

# प्रेमिका के लिए कुछ भी करूंगा: मुस्लिम से हिंदू बनने को शादीशुदा आमिर की डीएम से गुहार, पत्नी बोली- नाटक

मुरादाबाद -मुरादाबाद में मुस्लिम से हिंदू बनने के लिए शादीशुदा आमिर ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। आमिर की पत्नी ने कहा कि गर्लफ्रेंड के साथ रहने के लिए उसका पति नाटक कर रहा है। आमिर एक बेटी का पिता भी है। शादीशुदा पति और हिंदू गर्लफ्रेंड के बीच 2014 से बातचीत हो रही है। गाजियाबाद की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत मुगलपुरा के आमिर ने इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने के लिए डीएम से गुहार लगाई है। बताया कि वह आमिर की जगह अपना नाम अमित माहेश्वरी रखना चाहता है। पुलिस की जांच से पता चला कि आमिर एक बेटी का पिता है। आमिर की पत्नी ने बताया कि उसका पति गर्लफ्रेंड के साथ रहने के लिए धर्म परिवर्तन का नाटक कर रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी ने उसके घर पर फोर्स लगा दी है। मुगलपुरा प्रिंस रोड का रहने वाला आमिर गाजियाबाद की एक प्राइवेट कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उसने मुस्लिम से हिंदू धर्म अपनाने के लिए तीन जुलाई को डीएम कार्यालय में प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम ने इस मामले में एडीएम सिटी और एसपी सिटी को जांच करने के निर्देश दिए। पत्र में आमिर ने लिखा है कि वह हिंदू धर्म में आस्था रखता है। वह अपनी इच्छा से बगैर किसी




दबाव में हिंदू धर्म अपनाना चाहता है। वह अपना नाम बदलकर अमित माहेश्वरी रखना चाहता है। उसने डीएम से सुरक्षा की भी मांग की। पुलिस की जांच से पता चला कि आमिर शादीशुदा है। उसकी शादी फरवरी 2022 में लाकड़ी वालान निवासी गुलशफां से हुई थी। उसकी चार माह की एक बेटी भी है। पत्नी ने बताया कि वह उसका पति कट्टर मुस्लिम है। वह हिंदुओं से नफरत करता है लेकिन 2014 से वह एक हिंदू लड़की से बातचीत करता है। इस मामले की जानकारी मिलने पर उसने पति से पूछताछ की और विरोध भी जताया था। इसके बाद वह छिपकर बातचीत करता है। उसे पता नहीं है कि हिंदू लड़की ऐसा करने पर उसे लव जिहाद में फंसा देगी। वह हिंदू गर्लफ्रेंड के साथ घर बसाने के लिए नाटक कर रहा है। इस मामले में पत्नी ने भी डीएम कार्यालय में पति के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया है।

### पत्नी ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

शहर में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने पर आमिर घर से गायब हो गया है। वह किसी का फोन भी रिसीव नहीं कर रहा है। उसकी पत्नी गुलशफां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है ताकि उसका घर उजड़ने से बच सके।

### ऐसे हुई गर्लफ्रेंड से मुलाकात

आमिर की गर्लफ्रेंड कासगंज की रहने वाली है लेकिन दोनों की मुलाकात मुरादाबाद में हुई थी। गर्लफ्रेंड ने शहर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई की थी। 2014 में दोनों की दोस्ती हुई थी। वर्तमान में गर्लफ्रेंड नोएडा स्थित एक कंपनी में जॉब करती है। आमिर की पत्नी ने बताया कि आमिर अमित माहेश्वरी नाम इसलिए रखने का प्रयास कर रहा है। क्योंकि गर्लफ्रेंड का टाइटल भी माहेश्वरी है। धर्म परिवर्तन का नाटक कर रहा है। यदि कोई हिंदू से मुस्लिम या मुस्लिम से हिंदू बनना चाहता है तो उसे किसी अधिकारी के आदेश की जरूरत नहीं होती है। यह उसका निजी मामला है लेकिन जांच में आया है कि शादीशुदा आमिर नाटक कर रहा है। इस मामले में उसकी पत्नी ने भी प्रार्थनापत्र दिया है। -शैलेंद्र कुमार सिंह डीएम मुरादाबाद

# मझोला थाने के सामने झाड़ियों में मिली सात माह की बच्ची, पुलिस ने बच्ची को चाइल्डलाइन को सौंपा



मुरादाबाद के मझोला थाने के सामने डीपीएस स्कूल के पास मंगलवार रात सात माह की एक बच्ची झाड़ियों में पड़ी मिली। राहगीरों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बच्ची को थाने लाया गया।

बच्ची की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर भी की जानकारी शेयर की गई। पुलिस ने चाइल्डलाइन की टीम को थाने बुला लिया और बच्ची को सुपुर्दगी कर दिया। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने चाइल्ड लाइन की टीम को थाने बुला लिया और बच्ची को सुपुर्दगी कर दिया। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बच्ची का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

मुरादाबाद -मुरादाबाद। पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दोपहर जिला अस्पताल से डीएम कार्यालय तक रैली निकाली। आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं को अनसुना कर रही है। मोटर साइकिल रैली जिला अस्पताल से होते हुए रोडवेज, नगर निगम हुए निकाली गई। इसमें विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, सेल टैक्स, वन विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल थे। रैली का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला कर रहे थे। जुलूस कलेक्ट्रेट में पहुंचने के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मोर्चे के अध्यक्ष एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली ,वेतन विसंगति, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारियों के विनियमितीकरण की मांग पर निर्णय नहीं ले रही है। दूसरी ओर कर्मचारी संगठनों के अस्तित्व को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारी संगठनों के लगातार अनुरोध के बावजूद कार्मिक विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति 2023 के पैरा 12 में संशोधन नहीं किया जा रहा है। इसमें कार्मिक विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संघ के अध्यक्ष, सचिव के स्थानांतरण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानांतरण नीति के पैरा 12 का संशोधन नहीं किया गया तो प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष हेमंत चौधरी ने कहा कि शासन में बैठे अधिकारी, कर्मचारी संगठनों के अस्तित्व को नकार रहे हैं। शासन स्तर पर कर्मचारी संगठनों से वार्ता नहीं की जा रही है। सभा को मुख्य रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, मंत्री राजवीर सिंह, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय मंत्री रामेश्वर दयाल भारती, एमडीए कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, लोनिवि नियमित इंचार्ज वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सोमपाल सिंह, नर्सेज संघ की अध्यक्ष पूनम मैसी, आशुतोष त्यागी, उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, मातृ शिशु कल्याण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लीला सुगड़ा, जिला मंत्री रीना राही, प्रतिमा शर्मा, अरविंद कुमार, एसके सिंह ने भी संबोधित किया।

# शादी में डबलबेड नहीं मिलने पर साले की हत्या करने वाले बहनोई को आजीवन कारावास

मुरादाबाद -शादी में डबल बेड नहीं मिलने पर साले की हत्या करने वाले बहनोई को अदालत ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सबूतों के अभाव में दूसरे आरोपी को बरी कर दिया गया। भगतपुर थाना क्षेत्र के बरखेड़ा चक निवासी प्रीतम सिंह ने 24 अक्तूबर 2015 को भगतपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि उसका छोटा भाई नरेश उर्फ गुड्डू 22 अक्तूबर से लापता है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने नरेश की खोजबीन शुरू की। तब पता चला कि नरेश उर्फ गुड्डू की बहन रेखा की शादी भोजपुर के देवीपुरा का मझरा निवासी मनोज के साथ हुई थी। नरेश और उसके बहनोई मनोज के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। पुलिस ने शक के आधार पर बहनोई मनोज कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने राज उगल दिया। आरोपी ने बताया कि उसकी शादी में डबलबेड नहीं दिया गया था। इससे उसकी गांव में बहुत बदनामी हुई थी। जिसे लेकर नरेश उर्फ गुड्डू से विवाद हुआ था। इसके बाद शादी कराने वाले बिचौलिया ने डबलबेड दे दिया लेकिन कुछ दिन बाद बिचौलिया भी अपना डबल बेड लेकर चला गया था। मनोज ने इस बात की शिकायत नरेश उर्फ गुड्डू से की थी। तब नरेश ने उसे बुरा भला कह दिया था। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद से वह अपने साले की हत्या की प्लानिंग कर रहा था। आरोपी बहाने से अपने साले नरेश को बिजनौर के फतेहपुर छम्मन वाला निवासी अपने दोस्त मदन से मिलाने ले गया था। वहां बिजनौर के रेहड़ थाना क्षेत्र में मनोज ने नरेश उर्फ गुड्डू की गोली मारकर हत्या कर लाश नदी में फेंक दी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लाश बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार और मदन को जेल भेज दिया गया था। कदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या -11 मोहित शर्मा की अदालत में की गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मधु रानी चौहान ने अदालत में सरकार की ओर से पक्ष रख। अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर मनोज कुमार को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है जबकि उसके साथी के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत न होने के कारण उसे बरी कर दिया।

# 15 और 17 जुलाई को कक्षा आठ तक के स्कूलों में अवकाश घोषित

मुरादाबाद- श्रावण मास की शिवरात्रि 15 जुलाई और महीने के दूसरे सोमवार 17 जुलाई को जिले में सभी बोर्डों से संचालित कक्षा आठ तक के स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के आठवीं तक के स्कूलों को इन दोनों दिनों में बंद रखने के लिए कहा है। शिक्षाधिकारियों से इसका कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# संचारी रोग में खराब कार्य करने वाली आंगनवाडी कार्यकत्री को चिन्हित किए जाने के निर्देश

मुरादाबाद -मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आई0सी0डी0एस0 एवं आंगनवाडी कार्यकत्रियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। होम विजिट स्टेटस में सीडीओ ने पोषण टेऊकर ऐप पर सीडीपीओ को आंकड़े दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण टेऊकर पर ठीक प्रकार से सैम बच्चों का चिन्हाकंन किया जाए। जब भी गांव में सेशन लगे वहां पर बच्चों को लेकर जाये और एनआरसी पोर्टल पर फीड करें, एनआरसी में जाने लायक बच्चों की सूची पहले से तैयार रखें। सुपवाइजर स्कूलों में पहुंचकर लड़कियों का एनीमिया चैक करें तथा सभी पैरामीटर पर ठीक प्रकार से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सेम एवं मेम चिन्हित बच्चों की संख्या के आंकडे भी दुरस्त रखे जाए। एनआरसी एडमिशन में प्रगति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के साथ ही एनआरसी सेन्टर पर लाने से पहले बच्चें के माता-पिता से सहानुभूति पूर्वक कांउसलिंग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आई0सी0डी0एस0 विभाग का निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं को पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें। उन्होंने विशेष जोर देकर कहा कि जिन बच्चों को स्वास्थ्य ट्रीटमेंट की आवश्यकता है स्वास्थ्य विभाग उनकी जांच कर आवश्यक ट्रीटमेंट उपलब्ध करायें। सेम बच्चों को ई-कवज पोर्टल पर शतप्रतिशत एंट्री करें, जिससे कि हमारा कार्य दिखना चाहिए। सीडीओ ने कहा कि संबंधित विभाग अपेक्षित सहयोग बनाये रखें। उन्होंने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 सेशन पर सभी आवश्यक उपकरण अवश्य हों, इसका विशेष ध्यान देते हुए कार्य सुनिश्चित करें। सी0डी0ओ0 ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि एनीमिया टेवलेट का स्कूलों में समय पर अवश्य इस्तेमाल करायें और सभी प्रधानाचार्यो तक इस बात को पहुंचायें, ताकि बच्चें मानसिक एवं शारीरिक रुप से स्वस्थ्य रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण में पंचायतीराज एवं आईसीडीएस विभाग को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये और फील्ड विजिट के दौरान आंगनवाडी कार्यकत्री घर जाये तो माताओं को संचारी रोगों के फैलने एवं उनके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग अभियान में खराब कार्य करने वाली आंगनवाडी कार्यकत्रियों को चिन्हित किया जाये तथा आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा सभी पैरामीटर पर ठीक प्रकार से कार्य किया जाये। कन्या सुमंगला योजना में जनपद को मिला टारगेट आई0सी0डी0एस0 एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्ण नही करने पर मुख्य विकास अधिकारी ने टारगेट पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी जी0बी0 पाठक, डिप्टी सीएमओ, डीपीएम रघुवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, एमओआईसी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं नगर निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायतीराज आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं एडीओ पंचायत सामंजस्य के साथ कार्य कर प्रगति बढ़ाये - सी0डी0ओ0


मुरादाबाद -मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति एवं ओ0डी0एफ0 प्लस के अर्न्तगत ग्रामों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में सी0डी0ओ0 ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए ए0डी0ओ0 पंचायत से ब्लाकवार जानकारी प्राप्त करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प संतृप्तीकरण में गति बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत ठाकुरद्वारा, कुन्दरकी तथा बिलारी विकास खण्डों में अन्य ब्लाकों से कम प्रगति होने पर लक्ष्य के सापेक्ष समय से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकास खण्ड ठाकुरद्वारा के 71, कुन्दरकी के 78 तथा मूढापाण्डे के 57 केयर टेकरों का भुगतान न होने पर सीडीओ ने भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। सी0डी0ओ0 ने बैठक में कहा कि जो भी विभिन्न शासकीय योजनाएं हैं, उनका विशेष ध्यान रखते हुए अधिकारीगण नियमित मॉनीटरिंग करते रहें तथा मनरेगा के कार्यो पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यो का संपादन समय से करते रहें, आपस में समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि एडीओ पंचायत ग्राम प्रधानों का सहयोग लेकर ऑपरेशन कायाकल्प में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करें तथा आंगनवाडी केन्द्रों पर भी बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत राज विभाग के शौचालय निर्माण, पंचायत भवन, रेटरो फिटिंग, अन्त्येष्टि स्थल, बहुउद्देश्य पंचायत भवन, जनसेवा केन्द्र, गौ आश्रय स्थल एवं आइजीआरएस की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। सी0डी0ओ0 ने सभी 643 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में विद्युत कनेक्शन का कार्य शतप्रतिशत कराने के निर्देश एडीओ पंचायत को दिए। सामुदायिक शौचालय पर तैनात केयरटेकर का भुगतान समय से करने के निर्देश दिये। कई विकास खंडों मे केयर टेकरों का भुगतान लम्बित होने पर सी0डी0ओ0 ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने पंचायत सहायकों का भुगतान समय से करने के निर्देश दिये हैं।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी0बी0 पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, जिला बचत अधिकारी सिद्धार्थ, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम से शिकायत का कैलिया पुलिस पर नहीं हुआ कोई असर

## पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

पवन कुमार
क्यूँ न लिखूँ सच

कोंच( जालौन ) एसडीएम अंगद सिंह यादव को एक शिकायती पत्र देते हुए राजगोविद्र पुत्र भगवत पाल निवासी ग्राम खेरी थाना केलिया ने बताया है की घटना दिनांक तीन जुलाई की रात्रि आठ बजे की है वह आम रास्ते से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते मे लोमन सिंह ठाकुर पुत्र श्री भूप सिंह निवासी खेरी के पालतू आदमखोर कुत्ते ने प्रार्थी के हाथ पैर मे बुरी तरह से काट लिया जिस पर उप जिलाधिकारी ने कैलिया पुलिस के लिए लिखित



आदेश किया था इसके बावजूद भी कैलिया पुलिस अभी तक आदमखोर जानवर के मालिक के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की पीड़ित को आवेदन धमकाते हैं कि जितना शिकायत करना हो तो कर लो हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि घटना बीती 3 जुलाई की है गांव के ही लोंगन सिंह के फालतू आदमखोर कुत्ते ने प्रार्थी को काट लिया था जिसकी शिकायत करने उनके घर गए तो उन्होंने उल्टा और मुझे जातिसूचक गालियां दी तथा मारपीट करने के लिए आमदा थे और धमकी दे रहे थे कि तुम्हें जो कुछ दिखाई दे तो करो पुलिस को अपनी जेब में रखता हूं क्योंकि मैं एक गांव का पूर्व प्रधान रहा हूं आखिरकार पुलिस क्यों नहीं इस घटना को संज्ञान ले रही क्या अन्य घटना का इंतजार कर रही।

# एक किसान रहस्यमय ढंग से लापता गुमशुदगी दर्ज

शेर सिंह -क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-भुता- ग्राम खरदहा इलाका कुआंडांडा निवासी एक किसान खेत पर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है ।पुलिस लापता युवक किसान की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम खर दाह इलाका कुआंडांडा निवासी एक किसान लगभग 25 वर्षीय धीरेंद्र कुमार पुत्र भानु प्रताप पिछले 8 जुलाई शनिवार को घर पर खेत पर जाने के लिए कह कर गया था। वहीं से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। वह जब शाम तक वापस नहीं आया। और उसका फोन भी स्विच ऑफ जा रहा था। तभी परिजनों ने उसकी सभी जान पहचान व रिश्तेदारियों आदि में खोजबीन की ।लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। परिजनों को आशंका है कि उसके साथ कोई अप्रिय घटना न हो जाए। परिजनों ने इसकी थाना भुता में तहरीर देकर गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज करायी है । पुलिस भी लापता किसान तलाश कर रही है।

# नानऊ में सदिंग्ध हालात में महिला की मौत मायके वालों ने किया हंगामा

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



